डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी बाल दिवस समारोह 2021

बच्चे देश के भविष्य के कर्णधार होते हैं। उनके अंदर अद्भुत प्रतिभा का संग्रह होता है । डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई ने आभासी बाल दिवस समारोह का आयोजन छठी कक्षा के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ –साथ कक्षा सात, आठ और नवीं के विद्यार्थियों द्वारा किया । कार्यक्रम का आरंभ छठी कक्षा की विभा अश्विन द्वारा उच्चरित गायत्री मंत्र के साथ हुआ । तत्पश्चात श्रीनंदा गिरीश ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने 'रेनबो टेलेंट शो' के माध्यम से सात कलाओं का अद्भुत मंजर प्रस्तुत करके अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति की इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी ।

भारतीय परंपरा और रीति–रिवाज़ प्राचीन काल से अनंत गुणों को अपने ऑचल में समेटे हुए है । आज के वैज्ञानिक युग में उनकी सार्थकता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है । कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने अपने 'छुपा रुस्तम' कार्यक्रम के अंतर्गत उन रीति–रिवाज़ों के पीछे छिपे अमूल्य वैज्ञानिक कारणों का खुलासा करते हुए वर्तमान जीवन चक्र में उनकी उपयोगिता सिद्ध की ।

परिवर्तन सृष्टि का नियम है। बच्चों की जीवन शैली भी उससे अछूती नहीं रही है । कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने बच्चों के सामने आनेवाली चुनौतियों, अवसरों और खतरों के बारे में विस्तार से बताते हुए 90 के दशक के बच्चों के बचपन की तुलना 21वीं शताब्दी के बच्चों के बचपन से करते हुए उनके खान–पान, रहन–सहन और शिक्षण स्तर पर आ रहे बदलाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

नई तकनीक के अंतर्गत टाइम मशीन (व्यक्ति को समय से पीछे ले जाने में सक्षम) जैसी नई अवधारणा के माध्यम से नवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने नेहरू जी के समय के साथ वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों का आकर्षक तारतम्य स्थापित करते हुए अपनी रचनात्मक सोच का डिजिटल प्रतिभा के माध्यम से अनूठा प्रदर्शन किया ।

अगले चरण के अंतर्गत प्राथमिक स्तर की शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य बड़ा ही मनमोहक और आकर्षक रहा । 'कूल स्कूल स्कूलर्स' कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकगणों ने एक नाटकीय एकांकी प्रस्तुत की, जिसमें बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षा का हास्यप्रद दृश्य प्रस्तुत किया गया । करोना जैसी महामारी के बाद बच्चों का स्कूल में स्वागत करने वाली भावना से ओतप्रोत कव्वाली का प्रस्तुतीकरण सुश्री मीना बिष्ट एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया । सुश्री कल्याणी द्वारा प्रस्तुत प्रेरक संदेश उत्साह, नम्रता, एकाग्रता, सहयोग एवं शिष्टाचार जैसे नैतिक गुणों को दर्शाता हुआ बच्चों के संपूर्ण विकास की दिशा में कारगर साबित हुआ ।

शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम प्रशंसनीय एवं ज्ञानवर्धक रहे । शांति मानव जीवन का आधार है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए कक्षा छठी की आराधना . पी द्वारा शांति पाठ प्रस्तुत किया गया । कक्षा छठी की वर्षिता . के. वी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी बाल दिवस समारोह 2021



इंद्रधनुषी कला की छठा बिखेरते हुए विद्यार्थीगण

दशक अनुसार बदलती हुई बाल्य जीवन शैली का प्रस्तुतीकरण



मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए शिक्षकगण



अतीत और वर्तमान के बीच अद्भुत सामंजस्य स्थापित करते हुए छात्रगण